# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026


# फिर से Nvidia बनी दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी, Microsoft को भी पीछे छोड़ा।

Publisher — Published on 26 Jun 2025




## 3.763 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ एनवीडिया ने फिर रचा इतिहास, जनरेटिव AI की बढ़ती मांग बनी तेजी की वजह।

**नई दिल्ली, 27 जून 2025: सेमीकंडक्टर** और **AI चिप** बनाने वाली दिग्गज कंपनी **Nvidia** एक बार फिर से दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन गई है। बुधवार को इसके शेयरों में **4.33% की जबरदस्त** तेजी दर्ज की गई, जिसके चलते कंपनी का मार्केट कैप बढ़कर **3.763 ट्रिलियन डॉलर** तक पहुंच गया।

इस उपलब्धि के साथ **Nvidia** ने **Microsoft (3.658 ट्रिलियन डॉलर)** और **Apple (3.010 ट्रिलियन डॉलर)** को पीछे छोड़ दिया है। **मार्केट एनालिस्ट्स** का मानना है कि **जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI)** के बढ़ते उपयोग से **Nvidia** के चिप्स की डिमांड में ज़बरदस्त उछाल आया है।

**शेयर मे आई तेजी की वजह क्या है ?**
बुधवार को **Nvidia** के शेयर **4.33% की बढ़त के साथ 154.10 डॉलर** तक पहुंच गए, जो कंपनी का अब तक का रिकॉर्ड हाई है।

इस तेजी की अहम वजह बनी **Loop Capital** की रिपोर्ट, जिसमें **Nvidia का टारगेट प्राइस 175 डॉलर** से बढ़ाकर **250 डॉलर** कर दिया गया और स्टॉक पर ‘**Buy**’ रेटिंग बरकरार रखी गई।

**Loop Capital** के एनालिस्ट आनंद बरुआ के अनुसार,
“जनरेटिव AI की ‘गोल्डन वेव’ में एंट्री से Nvidia की डिमांड उम्मीद से कहीं ज़्यादा मजबूत हो गई है।”

**टॉप पर चल रही कंपनियों की रेस**

**Nvidia, Microsoft** और **Apple** के बीच बाजार पूंजीकरण की होड़ काफी रोचक बन चुकी है। जून की शुरुआत में **Microsoft** ने **Nvidia** को पीछे छोड़ दिया था, लेकिन अब **Nvidia** ने फिर से अपनी बादशाहत कायम कर ली है।

दुनिया की टॉप **10 वैल्यूएबल कंपनियां** (मार्केट कैप – ट्रिलियन डॉलर में):

१. **Nvidia – $3.763T**
२. **Microsoft – $3.658T**
३. **Apple – $3.010T**
४. **Amazon – $2.250T**
५. **Alphabet (Google) – $2.075T**
६. **Meta (Facebook) – $1.781T**
७. **Saudi Aramco – $1.569T**
८. **Broadcom – $1.244T**
९. **TSMC – $1.155T**
१०. **Tesla – $1.055T**

**भविष्य मे और कितनी ऊंचाई छुएगा Nvidia?**

बाजार विश्लेषकों के अनुसार, अगर **AI टेक्नोलॉजी** की मांग इसी तरह बढ़ती रही तो **Nvidia का ग्रोथ** आने वाले वर्षों में भी जारी रह सकता है। इसके चिप्स का उपयोग **डेटा सेटरं, ऑटोमेशन, हेल्थटेक, रोबोटिक्स** और **क्लाउड AI सर्विसेज** में हो रहा है, जिससे इसका बिज़नेस लगातार विस्तारित हो रहा है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.